Reg.No. 35KH Dated 30/1/84

Sri Ganganagar Zila Dugdh Utpadak Sahakari Sangh Ltd

(FSMS ISO 22000:2018 CERTIFIED ORGANIZATION)

# निविदा सूचना

संघ द्वारा एक वर्ष की अवधि के लिए संघ में (फीड प्लांट) स्क्रेप जुट बोरी प्लास्टिक बैग विक्रय हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती है। इस कार्य हेतु निविदा प्रपत्र 118/– के नकद भुगतान पर दोपहर 1:00 बजे दिनांक 05.12.2024 तक प्राप्त किये जा सकते है। पूर्ण भरे हुये निविदा प्रपत्र मय अमानत राशि 1000/– रूपये के उसी दिन दोपहर 2.00 बजे तक स्वीकार किये जाकर सायं 3:00 बजे उपस्थित निविदा दाताओं के समक्ष खोले जावेगें। निविदा खुलने की दिनांक को यदि अवकाश हो तो अगले दिन निविदायें खोली जावेंगी। किसी भी निविदा को बिना कारण बताये आंशिक या पूर्ण रूप से निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता को होगा।

आर. सी. डी. एफ लि0, हैल्पलाईन नं:– 0141–2709444,2709445

उग्रसेन सहारण
प्रबन्ध संचालक

क्रमांक/गंगमूल/निविदा/2024/3751-54 दिनांक 20-11-24

प्रतिलिपि:–

1. संपादक दैनिक ........................ को भेजकर लेख है कि आप उक्त निविदा सूचना को अपने समाचार पत्र में शीघ्रातिशीघ्र एक बार 10 से0मी0 गुणा 2 कॉलम में संघ के लोगों सहित प्रकाशित करने का कष्ट करें।
2. प्रभारी लेखा / प्रभारी एम आई एस / प्रभारी कय।
3. ए पी एस प्रबन्ध संचालक।
4. नोटिस बोर्ड।
5. कार्यालय पत्रावली/ रक्षित पत्रावली।

प्रबन्ध संचालक

O/c 20.11.24

GANGMUL, INDUSTRIAL AREA, HANUMANGARH JN-335512
Phone No. 01552- (F) 260735, (O) 260588, 260522, Fax No. 01552-262847, Email:- gngmu-rj@nic.in

Reg.No. 35KH Dated 30/1/84
Sri Ganganagar Zila Dugdh Utpadak Sahakari Sangh Ltd
(FSMS ISO 22000:2018 CERTIFIED ORGANIZATION)



शुल्क - 118 रूपये

Managing Director
Sriganganagar Zila Dugdh Utpadak
Sahkari Sangh Ltd., Hanumangarh

## स्क्रेप विक्रय टेण्डर फॉर्म

निविदा पत्र विक्रय की दिनांक :– 01 पीएम, दिनॉक 05.12.2024 तक
निविदा पत्र जमा करने की दिनांक :– 02:00 पीएम, दिनॉक 05.12.2024 तक
निविदा खोलने की दिनांक :– 03 पीएम, दिनॉक 05.12.2024
निविदादाता का नाम एवं पता :–.................................................................................
.................................................................................
.................................................................................
पैन नं0.................................. दूरभाष नं0.....................

महोदय,
संघ द्वारा विक्रय किये जाने वाले स्क्रेप के क्रय हेतु 01 वर्ष के लिए निम्नानुसार आईटम की दरें देता हूँ/देते हैं:–

| क्रम सं0 | नाम आईटम | अनुमानित मात्रा/वर्ष | दर इकाई | दर रू0 प्रति इकाई | दर शब्दों में |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | खाली जूट बोरी | 500 | नग | | |
| 02. | खाली प्लास्टिक बैग बडे | 8000 | नग | | |
| 03. | खुली पल्ली (बैग की) | 1000 | किलो | | |

मैं प्रमाणित करता हूँ कि:–

1. मैंने निविदा फॉर्म का शुल्क 118 रूपये रसीद सं0........................................ दिनांक.........................के द्वारा संघ मे जमा करवा दिया है।
2. मैने निविदा की अमानत राशि 1000 रूपये नगद रसीद संख्या .......................... दिनांक .......................... संलग्न कर दिया है।
3. समस्त शर्ते मैने पढ़ ली है/सुन ली है जो मुझे मान्य है। उक्त दर बिना किसी शर्त मुझे मान्य है।
4. निविदा के समय मैं उपस्थित रहूंगा/नही रहूंगा।

निविदादाता के हस्ताक्षर

20.11.24

GANGMUL, INDUSTRIAL AREA, HANUMANGARH JN-335512
Phone No. 01552- (F) 260735, (O) 260588, 260522, Fax No. 01552-262847, Email:- gngmu-rj@nic.in

# निविदा हेतु शर्ते

1. प्राप्त दरें अनुबन्ध की दिनांक से एक वर्ष हेतु मान्य होंगी।
2. निविदादाता को अपने पैन कार्ड की प्रति निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करनी होगी।
3. स्क्रेप का वजन संघ के धर्मकाँटे से किया जावेगा जो मान्य होगा।
4. निविदा प्रपत्र में दर्शायी गई अनुमानित मात्रा कम ज्यादा भी हो सकती हैं।
5. माल उठाते समय यदि संघ की सम्पति को कोई हानि होती हैं तो उसकी वसुली निविदादाता से की जायेगी।
6. कार्य के दौरान अगर आपके श्रमिक को चोट/हानि पहुचती हैं तो उसकी जिम्मेदारी आपकी होगी।
7. सफल निविदादाता को धरोहर राशि 10000/- रूपये जमा श्रीगंगानगर जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि0 हनुमानगढ जं0 में जमा करवाने होंगे। संघ द्वारा धरोहर राशि पर कोई ब्याज देय नहीं होगा।
8. निविदा प्रपत्र में वर्णित प्रत्येक स्क्रेप सामग्री हेतु प्राप्त अधिकतम दर मान्य होगी जो कि अलग अलग निविदादाताओ की हो सकती है।
9. दर स्वीकृति उपरान्त निविदादाताओ को 100 रूपये के नॉन ज्यूडीशियल स्टाम्प पेपर पर संघ के साथ अनुबन्ध करना होगा तथा 100 रूपये अदा कर संघ का नोमिनल सदस्य बनना होगा। अनुबन्ध व धरोहर राशि जमा करवाने के बाद ही पार्टी को कार्यादेश दिया जायेगा।
10. सफल निविदादाता को कार्य आदेश में वर्णित समयावधि में कार्य स्थल से निविदा शर्तो के अनुसार जहॉ है जैसा है के आधार पर स्क्रेप माल उठाना होगा। तय समय सीमा में माल नहीं उठाने पर पार्टी की संघ में जमा धरोहर राशि जब्त कर निविदा निरस्त की जा सकेगी। वर्ष के दौरान समय समय पर जारी आदेशानुसार समयावधि में स्क्रेप उठाना होगा।
11. सरकार द्वारा लागू सभी कर निविदादाता द्वारा वहन किये जावेंगे जो कि निविदा राशि से अतिरिक्त होंगे।

20.11.24

निविदादाता के हस्ताक्षर

## निविदा हेतु शर्ते

12.निविदादाता द्वारा दी गई दर पर जी0एस0टी0/टी0सी0एस0 अलग से वसूल किया जावेगा।

13.सामान /स्क्रेप की राशि का डी0डी0/आर0टी0जी0एस0 द्वारा संघ को अग्रिम भुगतान किये जाने के उपरान्त ही गेट पास एवं बिल जारी किया जावेगा।

14.स्क्रेप निविदादाता द्वारा अपने स्तर पर वाहन एवं श्रमिको की व्यवस्था कर संघ से उठाना होगा तथा इसका समस्त व्यय वहन करना होगा।

15.प्रबन्ध संचालक द्वारा बिना किसी कारण के उपरोक्त निविदा को निरस्त किया जा सकता हैं।

16.निविदा अवधि को आपसी सहमति से आगामी 3 माह तक बढाया जा सकेगा।

17.सभी विवादों का न्याय क्षेत्र हनुमानगढ होगा। अनुबंध से संबंधित किसी शर्त के क्रम में विवाद की स्थिति में निपटारा आर्बिट्रेशन में होगा। आर्बिट्रेटर संघ अध्यक्ष होंगे, जिनका निर्णय दोनों पक्षों को मान्य होगा।

18.द्वितीय न्यूनतम दर वाले निविदादाता की अमानत राशि सफल निविदादाता द्वारा कार्य प्रारम्भ करने पर लौटाई जावेगी।

19.फीड प्लांट से स्क्रेप कार्य दिवस में प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक ही उठाना होगा।

20.स्क्रेप जहाँ हैं जैसा हैं के आधार पर उठाना होगा व इसको बिखेरने की स्वीकृति नहीं होगी।

21.अनुबन्ध की किसी भी शर्त का उल्लंघन करने पर संघ में जमा अमानत राशि जब्त कर निविदा निरस्त की जा सकेगी।

निविदादाता के हस्ताक्षर

20.11.24

GANGMUL, INDUSTRIAL AREA, HANUMANGARH JN-335512
Phone No. 01552- (F) 260735, (O) 260588, 260522, Fax No. 01552-262847, Email:- gngmu-rj@nic.in